भारत सरकार
कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त
आंध्रप्रदेश व तेलंगाना, हैदराबाद
'सी' ब्लाक, 10वीं तल, आयकर शिखर
10-2-3, ए.सी. गार्ड्स, हैदराबाद - 500 004

GOVERNMENT OF INDIA
Office of the
Pr. Chief Commissioner of Income Tax,
Andhra Pradesh & Telangana, Hyderabad
'C' Block, 10th Floor, IT Towers, 10-2-3,
A.C.Guards, Hyderabad – 500 004.

अपील

"हिन्दी दिवस" के पावन अवसर पर आयकर परिवार के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

गत 10 जून 2022, संपूर्ण भारत वासियों के लिए ऐतिहासिक दिवस बना जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया। इसका सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण कारण है विश्व स्तर पर हिंदी बोलने वालों की संख्या हिंदी भाषा केवल भारत तक सीमित नहीं है। विद्वानों के मतानुसार विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी दूसरे/तीसरे स्थान पर है। आज के दौर में यह भी सत्य है कि औद्योगीकरण और भूमण्डलीकरण के फलस्वरूप समूचे विश्व के लिए भारत एक बाजार के रूप में उभरा है। साथ में संयुक्त राष्ट्र ने यह माना है कि यूएनओ के उद्देश्य जब तक जनमानस को विदित न हों तब तक विश्व में शांति और सौहार्दयता स्थापित किया जाना संभव नहीं है। बहुभाषावाद द्वारा ही पूरे विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है। सीधे शब्दों में इसका यह अर्थ है कि अब विश्व भी हिंदी की महत्ता को समझने लगा है।

भारत की संविधान सभा ने दिनांक 14.09.1949 को हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था, जिसकी याद में आज "हिन्दी दिवस" मनाया जा रहा है। आशा है इस संवैधानिक उत्तरदायित्व को पूरा करने की दिशा में आयकर विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सदैव प्रयासरत रहेंगे। "हिंदी पखवाड़ा", 2022 के उपलक्ष्य में आयकर विभाग, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना क्षेत्र में आयोजित विभिन्न उत्साहवर्धक प्रतियोगिताओं में सभी बढ़-चढ़ कर भाग लें और कार्यालय में राजभाषा हिंदी के लिए एक सकारात्मक माहौल बनाएं।

राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में मैं अपील करता हूँ कि सभी अधिकारी और कर्मचारी विभाग के अन्य कार्यों के अनुरूप राजभाषा के प्रति निष्ठा और लगन बनाएं रखें और अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लें।

14 सितंबर, 2022

(अतुल प्रणय)
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त,
आन्ध्र प्रदेश एवं तेलंगाना क्षेत्र, हैदराबाद